RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 15 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 117 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



# ‘ट्रेन में बड़ा बम धमाका होने वाला...’

## 15 अगस्त से पहले मुंबई पुलिस के पास आई धमकी भरी कॉल



**मुंबई :** मुंबई पुलिस कंट्रोल को 15 अगस्त से पहले धमकी भरा कॉल आया है. कॉलर ने पुलिस कंट्रोल को फोन कर कहा कि ट्रेन में बड़ा बम धमाका होने वाला है. इतना कहने के बाद कॉलर ने फोन कट कर दिया. वहीं पुलिस ने जब वापस उसी नंबर कॉल किया तो नंबर बंद आ रहा था. पुलिस ने कॉलर द्वारा कही बात की जानकारी रेलवे पुलिस को भी दी. हालांकि अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है. मुबंई पुलिस कंट्रोल में 15 अगस्त से पहसे धमका भरा कॉल आने के बाद हड़कंप मच गया. पुलिस कंट्रोल विभाग में आपाधापीकी स्थिति बन गई. स्वतंत्रता दिवस से पहले इस तरह का कॉल आने से मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई है. इसके अवाला साइबर सेल और खूफियां एजेंसियों को भी अर्लट कर दिया गया है. जब पुलिस ने आगे की जानकारी के लिए बात करने का प्रयास किया. दुबारा उसी नंबर पर कॉल किया तो फोन नंबर बंद आया. एक अधिकारी ने बताया की यह कॉल आज शाम साढ़े छह बजे के करीब मुंबई पुलिस कंट्रोल में आया था.

# मुंबई फिल्म सिटी में 95 पेड़ों की कटाई को मंजूरी...

## गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट के लिए रास्ता साफ

**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुंबई के फिल्म सिटी क्षेत्र में 95 पेड़ों की कटाई की अनुमति दे दी है। ये अनुमति गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के पहले चरण के लिए दी गई है, लेकिन शर्त यह है कि इसके बदले नए पेड़ जरूर लगाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की बेंच ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की याचिका पर सुनवाई की। बीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट से 95 पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी थी ताकि टनल बोरिंग मशीन और अन्य






निर्माण कार्य शुरू किए जा सकें।

**बीएमसी ने नियमों के पालन की कही बात**

बीएमसी ने अदालत को आश्वासन दिया कि प्रतिपूरक वनीकरण के सभी नियमों का पालन किया जाएगा, जिसमें लगाए गए पौधों का जियो-टैगिंग भी शामिल है। कोर्ट ने मुंबई के वन संरक्षक से छह हफ़्तों में अब तक हुए प्रतिपूरक वनीकरण की पूरी रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ‘पर्यावरण संरक्षण जरूरी है, लेकिन विकास को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश की प्रगति के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा जरूरी है।’

### गोरेगांव से मुलुंड की दूरी होगी कम...

यह परियोजना पश्चिमी एक्सप्रेस हाईवे से पूर्वी एक्सप्रेस हाईवे को जोड़ने के लिए बनाई जा रही है। इसके पूरा होने पर गोरेगांव से मुलुंड की यात्रा का समय लगभग एक घंटा कम हो जाएगा। बीएमसी ने स्पष्ट किया कि जिन पेड़ों को काटा जाना है, वे फिल्म सिटी क्षेत्र में हैं, न कि आरे कॉलोनी में। सुप्रीम कोर्ट ने पहले आदेश दिया था कि आरे कॉलोनी में किसी भी पेड़ की कटाई उसकी अनुमति के बिना नहीं होगी।

# मीट बैन विवाद पर भड़के राज ठाकरे

## बोले- ये सरकार होती कौन है? वेज-नॉनवेज को लेकर विवाद गलत...



**कल्याण :** मीट बैन को लेकर कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के आदेश पर एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वेज-नॉनवेज को लेकर विवाद करना गलत है। मीट बैन को लेकर महाराष्ट्र के कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के आदेश पर महाराष्ट्र में बवाल जारी है। आदेश के मुताबिक, 15 अगस्त को चिकन और मटन की दुकानें बंद रहेंगी। विपक्ष के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार में उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इसे गैर जरूरी बताया है। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने गुरुवार (14 अगस्त) को तीखी प्रतिक्रिया दी।

**राज ठाकरे ने सरकार को दिया अल्टीमेटम**

राज ठाकरे ने कहा, ‘‘वेज-नॉनवेज को लेकर विवाद गलत है। सरकार होती कौन है हमें बताने के लिए कि, हमें क्या खाना चाहिए और किया नहीं।‘‘केडीएमसी ने 1988 के आदेश का जिक्र कहते हुए कहा है कि कि मटन और चिकन की बिक्री पर प्रतिबंध है, न कि इसके सेवन पर। वहीं हिंदू खटीक समाज और चिकन एवं मटन व्यापारी संघ ने इसको लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**कबूतरखाना विवाद पर कहा- कोर्ट के आदेश का पालन करें**

राज ठाकरे ने कबूतर के लिए दाना डालने पर लगे प्रतिबंध और इसके खिलाफ जैन समुदाय के प्रदर्शन पर कहा कि उन्हें हाई कोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए। मुझे सरकार क्या चाहती है, ये समझ नहीं आ रहा। अब ये कबूतर के नाम पर राजनीति करने लगे हैं। आगे कौन-कौन से प्राणी लाएंगे पता नहीं।‘‘



## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## तेजी से बढ़ रही भारत की प्रगति...

भारत ने स्वतंत्रता के 78 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। यह यात्रा केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भी रही है। अब जब हम 2047 में विकसित भारत बनने का सपना देख रहे हैं, तब यह समझना आवश्यक है कि ह्राष्ट्र प्रथमह्न का संकल्प ही हमें उस स्वर्णिम लक्ष्य तक पहुंचाएगा। आने वाले 21 वर्ष हमें आर्थिक और तकनीकी महाशक्ति बनने का अवसर दे रहे हैं। भारत के विज्ञानियों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने दशकों से वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आज भी सफलता की गाथाएं लिखी जा रही हैं। अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 और मंगलयान की सफलता, डिजिटल पेमेंट व्यवस्था का अभूतपूर्व विस्तार और वैक्सीन निर्माण में विश्व नेतृत्व हमारी क्षमताओं के प्रमाण हैं।

आज दुनिया में वर्चस्व की लड़ाई युद्धभूमि पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, तकनीक और नवाचार के मोर्चे पर हो रही है। डाटा, डिजिटल नेटवर्क और उन्नत तकनीक पर नियंत्रण रखने वाले देश ही आने वाले कल की वैश्विक व्यवस्था तय करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) इस नए समीकरण का केंद्र स्तंभ है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन और रक्षा-हर क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। एआइ केवल तकनीक नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण और रणनीतिक क्षमता का आधार है। नैसकाम के अनुसार, 2025 तक एआइ और डाटा भारत की जीडीपी में लगभग 500 अरब डालर का योगदान कर सकते हैं। वर्ल्ड इकोनमिक फोरम का अनुमान है कि 2030 तक एआइ लगभग तीन करोड़ नए रोजगार पैदा कर सकता है। भारत इस क्षेत्र में पीछे रहने का जोखिम नहीं उठा सकता। एआइ आधारित विभिन्न तकनीकी अनुप्रयोगों का हर क्षेत्र में आकलन करते हुए उससे अपनी क्षमताओं और उत्पादकता को बढ़ाना जरूरी है। एआइ की मदद से कृषि में पैदावार का पूवार्नुमान, स्वास्थ्य में त्वरित निदान, शिक्षा में व्यक्तिगत मार्गदर्शन, आपदा प्रबंधन में सटीक योजना बनाकर हम इन क्षेत्रों में उत्पादकता और रोजगार बढ़ा सकते हैं। केवल तकनीक का उपभोग करना पर्याप्त नहीं होगा। हमें एआइ एल्गोरिदम, भाषाई माडल और हार्डवेयर समाधान भी खुद विकसित करने होंगे। यह हमारे डिजिटल स्वदेशी आंदोलन की मजबूती के लिए भी अति आवश्यक है। आज स्वदेशी का दायरा केवल कपड़ों या कृषि तक सीमित नहीं है। डिजिटल युग में इसका मतलब है- डाटा, साफ्टवेयर और हार्डवेयर पर आत्मनिर्भरता। सरकार के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय आय का 11.7 प्रतिशत थी और 2030 तक यह 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह कृषि और विनिर्माण से भी बड़ी शक्ति बन सकती है, बशर्ते हम तकनीकी नेतृत्व अपने हाथ में रखें। भारत एआइ, बायोटेक्नोलाजी, ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ अब क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कदम रख रहा है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : सुबह 6 से 8 बजे के बीच कबूतरों को दाना खिलाने का प्रस्ताव...

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्थानीय शासी निकाय को फटकार लगाई





**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम ( बीएमसी ) द्वारा सुबह 6 से 8 बजे के बीच कबूतरों को दाना खिलाने के प्रस्ताव के बाद, बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्थानीय शासी निकाय को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि इस मुद्दे पर जनता की राय लेने के लिए एक समिति बनाई जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य और पक्षियों/पशु कल्याण के मद्देनजर 20 अगस्त तक गठित की जाने वाली समिति से इस मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने जन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के चलते कबूतरों को दाना डालने पर रोक लगाने वाले अपने पिछले फैसले को बदलने पर बीएमसी को राहत दी। बीएमसी ने हाईकोर्ट को बताया कि वह सुबह 6 से 8 बजे के बीच कबूतरों को दाना डालने की अनुमति देने को तैयार है, लेकिन कुछ शर्तों के साथ।

मुंबई में कबूतरों को दाना खिलाने से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने बीएमसी से कहा, ''आप ऐसा आदेश कैसे जारी कर सकते हैं? पहले आपने जनहित में फैसला लिया, अब एक व्यक्ति कुछ कह रहा है, जिसके बाद आपने अपना फैसला बदल दिया है। आपको कानूनी प्रक्रिया से गुजरना चाहिए। अगर किसी ने आपके फैसले के खिलाफ अपील की है और आप इसे बदलना चाहते हैं, तो नोटिस जारी करें और आम जनता सहित सभी हितधारकों से सुझाव मांगें । बीएमसी के वकील रामचंद्र आप्टे ने एएनआई को बताया कि अदालत ने एक समिति की नियुक्ति का आदेश दिया है जिसमें कम से कम 11 सदस्य होंगे, जो अपने गठन के चार सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

आप्टे ने कहा, ''न्यायालय ने एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। जन स्वास्थ्य और पक्षियों/पशुओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, समिति में लगभग 11-12 सदस्य होंगे। समिति का गठन 20 अगस्त को किया जाएगा। इसके बाद, समिति एक महीने के भीतर अपना निर्णय देगी। उस निर्णय के आधार पर, न्यायालय अपना अगला आदेश सुनाएगा। उन्होंने बताया कि मामले की अगली सुनवाई आज से चार सप्ताह बाद होगी। आप्टे ने कहा , ''जहां तक बीएमसी का सवाल है, अदालत ने अपने आदेश में पहले ही कहा था कि अगर कोई इस बारे में याचिका या सुझाव देना चाहता है, तो वह बीएमसी कमिश्नर के समक्ष ऐसा कर सकता है। कमिश्नर इसके बाद इस पर फैसला लेंगे... अगली सुनवाई आज से चार हफ्ते बाद है... बाकी सब कुछ पहले की तरह चलता रहेगा; कोई बदलाव नहीं है। इस बीच, याचिकाकर्ता के वकील हरीश पंड्या ने कहा कि अभी कबूतरों को खाना नहीं दिया जा सकता। उन्होंने बताया कि संबंधित वकील ने अदालत के समक्ष एक सूची पेश की है, जिसमें विशेषज्ञों, संस्थानों और पशु कल्याण बोर्डों के नाम शामिल हैं।

## मुंबई : 300 शिक्षकों ने किया जेल भरो आंदोलन



**मुंबई :** जूनियर कॉलेज के लगभग 300 शिक्षकों ने आजाद मैदान में जेल भरो आंदोलन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों का आरोप है कि मुंबई के तत्कालीन शिक्षा उपनिदेशक संदीप सांगवे ने अपने कार्यकाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया, शिक्षकों की समस्याओं को लगातार टालते रहे और बिना पैसे लिए कोई काम नहीं किया।

आंदोलन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव रणजीत सिंह देओल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। देओल ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार मामले पर गंभीर है और एसआईटी पहले ही गठित की जा चुकी है। उन्होंने शिक्षकों को सबूतों के साथ शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। प्रधान सचिव ने इस मामले में विभागीय जांच भी शुरू होने की जानकारी दी।

शिक्षक संघ का कहना है कि संदीप सांगवे को भले ही निलंबित किया गया हो, लेकिन अभी तक शिक्षकों की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि उनके कार्यकाल में नियुक्ति मंजूरी, वेतन भुगतान, और अन्य शैक्षिक प्रक्रियाओं में जानबूझकर अड़चनें डाली गईं। वेतन फाइलें बिना मंजूरी वापस भेजना, नियुक्तियों को पैसों के लिए रोकना, नियमों के विपरीत ठडउ की अनिवार्यता थोपना और मनचाहे उम्मीदवारों की भर्ती कराना जैसे मामले सामने आए हैं।

## मुंबई : बस ने शिल्पा शिरोडकर की कार में मार दी टक्कर, एफआईआर दर्ज





**मुंबई :** टीवी और बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर ने अपनी एक्टिंग और अंदाज से इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। शिल्पा शिरोडकर एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। आखिरी बार एक्ट्रेस 'बिग बॉस 18' में नजर आई थीं, जहां रहते हुए उन्होंने जमकर सुर्खियां बटोरीं। लेकिन हाल ही में शिल्पा शिरोडकर की कार के साथ बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, मुंबई आधारित एक कंपनी की बस ने शिल्पा शिरोडकर की कार में टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार के शीशे भी चकना-चूर हो गए हैं। इस बात की जानकारी शिल्पा शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा कर दी है। साथ ही शिल्पा ने मामले को लेकर मुंबई पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई है।

शिल्पा शिरोडकर ने अपनी कार के साथ-साथ उस बस की भी तस्वीर साझा की, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ था। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। शिल्पा शिरोडकर ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, ''एक सिटीफ्लो बस ने आज मेरी कार में टक्कर मार दी। और इस ऑफिस को रिप्रेजेंट करने वाले मिस्टर योगेश कदम और मिस्टर विकास मानकोटे कह रहे हैं कि ये उनकी कंपनी की जिम्मेदारी नहीं बल्कि ड्राइवर की जिम्मेदारी है। कितने क्रूर हैं ये लोग। इनका ड्राइवर कितना ही कमा रहा होगा। मुंबई पुलिस का शुक्रिया कि उन्होंने बगैर किसी परेशानी के मुझे शिकायत दर्ज कराने में मदद की। लेकिन कंपनी ने हादसे की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया।''

# मुंबई एयरपोर्ट तिरंगे के रंग में रंगा...

## अदाणी ग्रुप के निदेशक जीत अदाणी ने शेयर किया वीडियो

**मुंबई :** पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस को लेकर जश्न की तैयारी जारी है. आम लोगों ने भी घर-घर तिरंगा लगाया है. इस मौके पर अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी के बेटे और अदाणी ग्रुप के निदेशक जीत अदाणी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एक वीडियो शेयर किया है. इसमें देखा जा सकता है कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर इसे किस तरह से सजाया गया है. पूरा एयरपोर्ट तिरंगे के रंगों से चमक रहा है. टर्मिनल के बाहर, लॉबी और यहां तक कि लाइट हाउस तक आजादी की जश्न को लेकर तैयार है. जीत अदाणी ने एक्स पर लिखा है कि, 'हमारे तिरंगे को देखकर हर भारतीय के दिल में गर्व की लहर दौड़ जाती




है और मुझे यकीन है कि मुंबई हवाई अड्डे से गुजरने वाला हर व्यक्ति भी इसे महसूस करेगा.'

नीचे की तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि किस भव्यता के साथ एयरपोर्ट के खंभों को सजाया गया है. तिरंगे के एक-एक रंग से चमक रहे खंभे देश के बढ़ते इंफ्रास्ट्रचर का प्रदर्शन कर रहे हैं. बताते चलें कि मुंबई एयरपोर्ट भारत में दिल्ली के बाद सबसे अधिक व्यस्त हवाई अड्डा है. यात्रियों की सुविधा को लेकर दुनिया भर में इसकी एक अलग पहचान रही है. जीत अदाणी ने एक्स पर लिखा है कि, 'हमारे तिरंगे को देखकर हर भारतीय के दिल में गर्व की लहर दौड़ जाती है और मुझे यकीन है कि मुंबई हवाई अड्डे से गुजरने वाला हर व्यक्ति भी इसे महसूस करेगा.'

नीचे की तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि किस भव्यता के साथ एयरपोर्ट के खंभों को सजाया गया है. तिरंगे के एक-एक रंग से चमक रहे खंभे देश के बढ़ते इंफ्रास्ट्रचर का प्रदर्शन कर रहे हैं. बताते चलें कि मुंबई एयरपोर्ट भारत में दिल्ली के बाद सबसे अधिक व्यस्त हवाई अड्डा है. यात्रियों की सुविधा को लेकर दुनिया भर में इसकी एक अलग पहचान रही है. यात्री जब एयरपोर्ट में अंदर की तरफ प्रवेश करेंगे तो सामने में तिरंगे की रंग की चादर उनके स्वागत के लिए तैयार है. गौरतलब है कि व्यवस्था, सुविधा और लगातार उन्नत होती तकनीक तिरंगे की भव्यता को और अधिक बढ़ा रहे है. इसके साथ ही 'आई लव मुंबई' का मैसेज अलग ही अपनी छवि बिखेर रहा है. यात्री इस स्थान पर सेल्फी लेना बिल्कुल भी नहीं भूलेंगे.

# ठाणे : कैफे में लगी आग, 35 लोगों को निकाला गया



**ठाणे :** शहर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में स्थित कैफे में गुरुवार सुबह आग लग गई। इसके बाद 35 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग कलवा (पश्चिम) के खारेगांव में छह मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित पारसिक कैफे में लगी आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को घटना के बारे में सुबह 4.58 बजे कैफे के मालिक से सूचना मिली। कैफे 1,000 वर्ग फुट में बना है और कलवा इलाके के पारसिक नगर में चंद्रभागा पार्क परिसर में स्थित है।

सुरक्षा कारणों से चंद्रभागा पार्क बी विंग के सभी निवासियों को अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन सेल कर्मियों की मदद से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से कैफे के अंदर काफी नुकसान हुआ तथा मेज, कुर्सियां, ग्रेट, फ्रिज, अलमारियां और अन्य रसोई सामग्री नष्ट हो गई।

# मुंबई में म्हाडा न सिर्फ घर, बल्कि सस्ती दुकानें और व्यावसायिक परिसर भी उपलब्ध कराएगी

**मुंबई:** महाराष्ट्र आवास विनियामक विकास प्राधिकरण (म्हाडा) ने आम मुंबईवासियों के अपने घर के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। म्हाडा की बदौलत आज बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में रह रहे हैं। वहीं कई लोग आज भी बड़ी उम्मीद से म्हाडा के फॉर्म भरते हैं और लॉटरी का इंतजार करते हैं। म्हाडा के जरिए आम नागरिक अपने बजट में किफायती घर खरीद सकते हैं। क्योंकि ये घर बाजार भाव से 20 से 30 लाख रुपये कम में मिलते हैं।




**म्हाडा लाई सुनहरा मौका**

हजारों लोगों के घर का सपना पूरा करने वाली म्हाडा अब एक और सुनहरा मौका लेकर आई है। म्हाडा अब मुंबई में न सिर्फ घर, बल्कि सस्ती दुकानें और व्यावसायिक परिसर भी उपलब्ध कराएगी। म्हाडा की ओर से कुल 149 दुकानों की ई-नीलामी की जाएगी। इस ई-नीलामी के लिए आवेदन अगले मंगलवार से शुरू होंगे। ये आवेदन 25 अगस्त तक जमा राशि के साथ किए जा सकते हैं। ई-नीलामी के नतीजे 29 अगस्त को घोषित किए जाएंगे। इसलिए, बोली प्रक्रिया 28 अगस्त को सुबह 11 बजे शुरू होगी।

**मुंबई के 17 स्थानों पर हैं 149 दुकानें**

इस ई-नीलामी में मुंबई के 17 स्थानों पर स्थित 149 दुकानें शामिल हैं। इनमें पिछली नीलामी में नहीं बिक पाने वाली 124 दुकानें भी शामिल हैं। इसके लिए 23 लाख रुपये से 12 करोड़ रुपये के बीच बोली तय की गई है।

**कितने की दुकान के लिए कितनी जमा राशि?**

म्हाडा ने इस ई-नीलामी से पहले जमा की जाने वाली राशि की जानकारी दी है। 50 लाख रुपये तक की दुकानों के लिए जमा राशि 1 लाख रुपये है। 50 लाख रुपये से 75 लाख रुपये के बीच की दुकानों के लिए जमा राशि 2 लाख रुपये रखी गई है। 75 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच की दुकानों के लिए जमा राशि 3 लाख रुपये है, जबकि 1 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दुकानों के लिए जमा राशि 4 लाख रुपये है। इससे अधिक बोली लगाने वाला आवेदक विजेता होगा। इसलिए मुंबई में दुकानें खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए यह एक सुनहरा अवसर माना जा रहा है।

# मुंबई:15 अगस्त को मुंबई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## 2,529 पुलिस अधिकारी और 11,682 पुलिस जवान शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात रहेंगे...

**मुंबई:** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को मुंबई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान 14 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। चूंकि, इस राष्ट्रीय पर्व को मनाए जाने के दौरान विभिन्न जगहों पर धार्मिक शोभायात्राएं और कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसलिए, इन सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए मुंबई पुलिस ने व्यापक बंदोबस्त किया है।




**मुंबई पुलिस की कैसी तैयारी?**

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती के मार्गदर्शन और पुलिस सह आयुक्त सत्य नारायण चौधरी (कानून एवं सुव्यवस्था) की देखरेख में बंदोबस्त की योजना बनाई गई है। इसके तहत 15 अगस्त को 6 अपर पुलिस आयुक्त, 17 पुलिस उपायुक्त, 39 सहायक पुलिस आयुक्त, 2,529 पुलिस अधिकारी और 11,682 पुलिस जवान शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात रहेंगे। इसके अलावा, महत्वपूर्ण स्थानों पर फोर्स वन, एसआरपीएफ प्लाटून, क्यूआरटी, दंगा नियंत्रण दल, डेल्टा, कॉम्बैट और होमगार्ड भी तैनात रहेंगे।

**मुंबई पुलिस ने की अपील... शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार**

मुंबई पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में संयम बनाए रखें और पुलिस को पूरा सहयोग दें। किसी भी संदिग्ध वस्तु की तुरंत सूचना पुलिस को दें और राष्ट्रीय और धार्मिक उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाएं। आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 या 112 पर तुरंत संपर्क करें। इस दौरान, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पूरे शहर की गतिविधियों की कंट्रोल रूम से सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की जाएगी।

# मुंबई : प्रेमी और उसके भाई के साथ मिलकर पति की बेरहमी से पिटाई कर हत्या! पत्नी गिरफ्तार प्रेमी चंद्रशेखर की तलाश जारी...

**मुंबई :** आरे पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके भाई के साथ मिलकर पति की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी. मृतक 40 वर्षीय भरत अहिरे फिल्मसिटी में मेकअप आर्टिस्ट थे. पुलिस ने पत्नी राजश्री और प्रेमी के भाई रंगा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि प्रेमी चंद्रशेखर फरार है. भरत की पत्नी राजश्री का प्रेम प्रसंग करीब एक साल से चल रहा था. पति को जब इसका पता चला तो घर में झगड़े होने लगे. झगड़े के बाद राजश्री ने प्रेमी को फोन कर बुलाया और कहा कि पति को इतना मारो कि वह मर जाए या सालभर



बिस्तर पर पड़ा रहे. शौचालय के पास चंद्रशेखर और उसके भाई ने भरत की लात-घूंसों से पिटाई की. घटना की गवाह भरत की बेटी श्रेया ने यह पूरी बात पुलिस को बताई.

घायल भरत को पत्नी ने तीन दिन तक बिना इलाज के घर में रखा और धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो बच्चों को भी मार देगी. हालत बिगड़ने पर 16 जुलाई को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. कई ऑपरेशनों के उनकी मौत हो गई. अस्पताल में इलाज के दौरान भरत ने पुलिस को बयान दिया कि पत्नी और उसके प्रेमी ने यह हमला करवाया था. पुलिस ने हत्या और साजिश का मामला दर्ज कर राजश्री को विरार से गिरफ्तार किया. प्रेमी चंद्रशेखर की तलाश जारी है. पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# मुंबई में नकली नोट छापने वाला ठग गिरोह बेनकाब, चार आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में नोट बरामद

**मुंबई :** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-6 ने एक ऐसे ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को असली नोटों के बदले तीन गुना नकली नोट देने का लालच देकर ठगी करता था। यह कार्रवाई विक्रोली बस डिपो के सामने उस समय की गई, जब आरोपी सौदेबाजी के लिए पहुंचे थे। मालाड के रहने वाले पुरुषोत्तम जाधव ने इस संबंध में शिकायत दर्ज



कराई थी। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक लाख रुपए के असली नोट लेकर तीन लाख रुपए के असली जैसे दिखने वाले नकली नोट देने वाले हैं।

सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-6 ने योजना बनाकर जाल बिछाया और मौके पर पहुंचे चारों आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# मुंबई मनपा चुनाव, NCP का नवाब मलिक पर दांव

## इलेक्शन प्रबंधन समिति का बनाया अध्यक्ष


**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच एनसीपी अजित गुट ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता नवाब मलिक को मुंबई चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अहम जिम्मेदारी की घोषणा एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने की। नवाब मलिक को यह जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार तथा प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे की सहमति से सौंपी गई है। नवाब मलिक इससे पहले भी एनसीपी मुंबई अध्यक्ष के रूप में पार्टी को नेतृत्व दे चुके हैं और



उन्हें एक अनुभवी, जमीनी और प्रभावशाली नेता के रूप में देखा जाता है। नवाब मलिक के नेतृत्व में गठित इस समिति में एनसीपी के कई प्रमुख नेता शामिल हैं। इनमें मुंबई कार्याध्यक्ष शिवाजीराव नलावडे और सिद्धार्थ कांबले, विधायक सना मलिक-शेख, पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी, प्रदेश महासचिव संतोष धुवाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भास्कर विचारे, प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे और वरिष्ठ पदाधिकारी राजू घुगे के नाम शामिल हैं। इसके अलावा समिति में आमंत्रित सदस्यों के रूप में दक्षिण मुंबई से महेंद्र पानसरे, उत्तर-पश्चिम से अजय विचारे, उत्तर-मध्य से अर्शद अमीर, उत्तर मुंबई से इंद्रपाल सिंह और उत्तर-पूर्व से सुरेश भालेराव को भी जगह दी गई है। बता दें कि, नवाब मलिक को लेकर बीजेपी ने पहले भी आपत्ति जताई है। 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक विवादास्पद जमीन सौदे से जुड़ा था। खुद देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा चुनाव में नवाब मलिक के खिलाफ पत्र लिख कर अजीत पवार से उन्हें महायुति का हिस्सा ना बनाने की अपील की थी। हालांकि विवादों के बावजूद भी नवाब मलिक एनसीपी के भीतर अब भी एक मज़बूत नेता के रूप में मौजूद हैं। 2025 का बीएमसी चुनाव अब साफ तौर पर एक त्रिकोणीय मुकाबले का रूप लेता जा रहा है।

# नगर निगम खुद लेती है फैसला, इसमें सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने साफ किया है कि सरकार लोगों लोगों के खाने-पीने के विकल्पों को नियंत्रित करने में रुचि नहीं रखती है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुछ शहरों में स्लॉटरहाउसेस और मांस की दुकानों के बंद होने को लेकर चल रही विवादास्पद बहस को अनावश्यक करार दिया है। सीएम फडणवीस ने स्वतंत्रता दिवस समेत कुछ अवसरों पर कसाईखाने बंद करने की अनुमति देने वाले 37 साल पुराने जीआर की मौजूदगी से भी अनभिज्ञता जाहिर की। सीएम ने कहा कि ऐसे फैसले नगर निगम खुद लेते हैं। सीएम ने कहा मीट बैन के बारे में उन्हें मीडिया से पता चला। अधिकारियों ने मुझे पिछली उद्धव ठाकरे सरकार के आदेश की कॉपी भी भेजी है। उसे जल्द मीडिया के सामने दिखाऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस बात में दिलचस्पी नहीं रखती कि कौन क्या खाता है। हमारे सामने कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, हालांकि सीएम ने उस बयान की निंदा की जिसमें कुछ लोगों ने यहां तक कह



दिया कि शाकाहारी लोग नपुंसक होते हैं। फडणवीस ने कहा कि ऐसी बकवास बातें तुरंत बंद होनी चाहिए। मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आने वाले कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने सबसे पहले 15 अगस्त को मीट बैन के संबंध में आदेश जारी किया था। इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर, नागपुर और मालेगांव में यह आदेश सामने आया था। इस आदेश का एमवीए के घटना दलों ने तीखा विरोध किया था। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इस गलत करार दिया था।

## BDD चॉल पुनर्विकासः सौंपी गई 556 फ्लैट्स की चाबी

**मुंबई।** सीएम फडणवीस ने मुंबई के वर्ली बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के तहत तैयार 556 फ्लैट्स की चाबी लाभार्थियों को सौंपी। इस मौके पर सीएम ने कहा कि मुंबई में अब घरों की कीमत सोने जैसी हो गई है, इसलिए इन्हें मत बेचो। यह घर अगली पीढ़ी को देना है, यह ध्यान में रखो, और इन घरों में प्यारी बहनों का भी नाम लगाओ। अजित पवार ने भी अपने भाषण में घर न बेचने की अपील की। सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम शिंदे

**CM फडणवीस की मुंबईकरों से घर न बेचने की अपील**

ने कहा कि हम असली मुंबईकरों को मुंबई में वापस लाने जा रहे हैं। फडणवीस ने कहा, "मैंने कहा था कि ऐसा काम करना है कि कोई गाली न दे। इसी वजह से हमने ग्लोबल टेंडर करने का निर्णय लिया और उसी अनुसार प्रक्रिया पूरी हुई। उन्होंने कहा कि धारावी के संदर्भ में भी हम निर्णय ले रहे हैं। जिसके पुनर्विकास की बात राजीव गांधी ने कही थी, लेकिन आगे कुछ नहीं हुआ। अब हम 10 लाख की आबादी का पुनर्विकास कर रहे हैं।

**बड़ी चुनावी चाल... ठाणे में डिप्टी सीएम शिंदे का मास्टरस्ट्रोक**

# लोकल बॉडी चुनावों से पहले किया अवैध निर्माणों पर लगे 799 करोड़ रुपए का दंड माफ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे ने अपने गढ़ ठाणे में चुनावों से पहले बड़ा दांव चल दिया है। शिंदे के अगुवाई वाली नगर विकास विभाग ने ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर लगाये गए दंड को माफ करने का फैसला किया है। यह राशि 799 करोड़ रुपए बनती है। अवैध निर्माण पर दंड को चुनावी मास्टरस्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है। नगर विकास विभाग ने पिछले दिनों इस संबंध में एक सरकारी निर्णय जारी किया है। ठाणे महानगरपालिका ने शहरी क्षेत्र अवैध निर्माणों पर दंड लगाया था। शिंदे की अगुवाई वाली नगर विकास विभाग के फैसले का



फायदा लगभग 1 लाख 54 हजार अवैध निर्माणों को मिलेगा। राजनीतिक प्रेक्षक लोकल बॉडी चुनावों से पहले इस फैसले को एकनाथ शिंदे ने बड़ी चाल के तौर पर देख रहे हैं। शिंदे ठाणे जिले के पालक मंत्री भी हैं। नगर विकास मंत्रालय भी शिंदे के अधीन है। उन्होंने वोटरों को लुभाने के लिए करोड़ों रुपए जुर्माना माफ करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब हो कि ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगाया गया दंड आमतौर पर 2009 से बकाया था। अवैध निर्माण वाले संपत्ति मालिकों को मूल कर का भुगतान करना होगा। तभी बकाया दंड माफ किया जाएगा। अवैध निर्माण का दंड माफ करने का मतलब यह नहीं है कि निर्माण नियमित हो गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब बॉम्बे हाईकोर्ट ठाणे जिले और मुंबई में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माणों के मामलों की सुनवाई कर रहा है।

# महाराष्ट्र में एक बार फिर सक्रिय हुआ मानसून

**मुंबई।** भारत मौसम विभाग के पुणे केंद्र ने कोंकण, गोवा और विदर्भ के अधिकांश क्षेत्रों में भीषण तो मराठवाड़ा के कई हिस्सों में भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर तेज गर्जना, बिजली की कड़कड़ाहट और तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार से ही बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस मौसम प्रणाली के प्रभाव से राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्तर की वर्षा दर्ज की जा सकती है। इसी के साथ ही ठाणे, मुंबई, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, रायगढ़, कोल्हापुर के घाट क्षेत्र, सातारा का घाट क्षेत्र, पुणे का घाट क्षेत्र,



जालना, बीड, अकोला, बुलढाणा, गडचिरोली, लातूर, वर्धा और वाशिम जिलों में कुछ स्थानों पर तेज गर्जना, बिजली चमकने के साथ-साथ तेज हवाओं और मूसलधार बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, पालघर, जळगाव, नाशिक, अहिल्यानगर, पुणे, सोलापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, हिंगोली, नांदेड, लातूर और धाराशिव जिलों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने नागरिकों और प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## मंत्री हो या धार्मिक हस्ती, कोई भी कानून से ऊपर नहीं



**मुंबई।** मुंबई में कबूतरखाना विवाद में मनसे प्रमुख राज ठाकरे की भी एंट्री हो गई है। गुरुवार को मुंबई में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद राज ठाकरे ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। चाहे वह मंत्री हो या फिर धार्मिक हस्तियां। राज ठाकरे ने किहा कि स्वास्थ्य संबंधी खतरों के कारण बॉम्बे हाईकोर्ट ने सार्वजनिक रूप से कबूतरों को दाना डालने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। डॉक्टरों ने बीमारी फैलने की चेतावनी दी है। इसके बाद भी उल्लंघन जारी है। राज ठाकरे ने कहा कि यदि जैन मुनि या कोई अन्य व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करता है, तो कार्रवाई की जानी चाहिए।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com